भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 467
दिनांक 25 जुलाई, 2024

झारखंड में सीएनजी पंप

†467. श्री मनीष जायसवाल:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हजारीबाग एवं अन्य जिलों सहित झारखंड में कितने सीएनजी पंप खोले गए हैं;

(ख) आगामी वर्षों में हजारीबाग में खोले जाने वाले सीएनजी पंपों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या झारखंड में लोगों को सीएनजी चालित वाहन अधिक पंसद आ रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत रांची में किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख) संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना करना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है और यह कार्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कम्पनियों द्वारा किया जाता है। प्राधिकृत कंपनियां अपने न्यूनतम कार्य-कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) और तकनीकि-व्यवहार्यता के अनुसार अपने संबंधित भौगोलिक क्षेत्रों(जीएज) में सीएनजी अवसंरचना का विकास करती है। पीएनजीआरबी ने सीजीडी नेटवर्क के विकास हेतु पूरे झारखंड राज्य को कवर करते हुए 11 जीएज (बिहार और झारखंड में फैले हुए 3 जीएज सहित) को प्राधिकृत किया है। एमडब्ल्यूपी के अनुसार, प्राधिकृत कम्पनियां अगले 8-10 वर्षों में हजारीबाग सहित झारखंड राज्य में 377 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिनांक 31.05.2024 की स्थिति के अनुसार, कम्पनियों को 53 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना करने के लिए यथानुपात एमडब्ल्यूपी का लक्ष्य दिया गया है। तथापि, कम्पनियों ने झारखंड राज्य में 117 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना की है। झारखंड राज्य में सीएनजी स्टेशनों के जीए-वार ब्यौरे **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

(ग) जी हां, पिछले कुछ वर्षों में सीएनजी वाहनों की कुल बिक्री बढ़ी हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा बनाए गए वाहन डैशबोर्ड के अनुसार, दिनांक 22.07.2024 तक सीएनजी उपयोग करने वाले पंजीकृत वाहनों की कुल संख्या पूरे देश में 72,10,391 थी जिसमें झारखंड राज्य में 23,886 सीएनजी वाहन थे।

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान नैगम सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के अन्तर्गत रांची में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयूज) द्वारा किए गए कार्य के ब्यौरे **अनुलग्नक-II** में दिए गए हैं।

अनुलग्नक-I

झारखंड में सीएनजी पम्प के संबंध में दिनांक 25 जुलाई, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतरांकित प्रश्न संख्या 467 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

झारखंड राज्य (बिहार और झारखंड में फैले हुए 3 जीएज सहित) में सीएनजी स्टेशनों के जीए-वार ब्यौरे

भौगोलिक क्षेत्र/ सीजीडी नेटवर्क	सीएनजी स्टेशन
बोकारो, हज़ारीबाग़ और रामगढ़ जिले	24
गिरिडीह और धनबाद जिले	12
चतरा और पलामू जिले	10
सरायकेला-खरसावां जिला	13
पश्चिमी सिंहभूम जिला	2
गुमला, लातेहार, लोहरग्गा, सिमडेगा, गढ़वा और खूंटी जिले	9
पूर्वी सिंहभूम जिला	14
रांची जिला	18
बांका (बिहार), दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले	8
नवादा और कोडरमा जिले	2
शेखपुरा, जमुई और देवघर जिले	5
कुल	117

स्रोत: पीएनजीआरबी

अनुलग्नक-II

झारखंड में सीएनजी पम्प के संबंध में दिनांक 25 जुलाई, 2024 को पूछे गए लोक सभा अतरांकित प्रश्न संख्या 467 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले पांच वर्षों के दौरान नैगम सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत रांची में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन पीएसयूज द्वारा किए गए कार्य के ब्यौरे।

पीएसयूज	परियोजना का नाम	वित्त वर्ष में खर्च की गई धनराशि (लाख रु. में)
गेल (इंडिया) लिमिटेड	जलवायु अनुकूल समुदायों के सृजन के लिए सहायता - रांची में सौर इंजीनियरों और सौर विद्युतीकरण के रूप में ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण	5.36
	रांची, झारखंड में बच्चों में क्लबफुट के उन्मूलन के लिए परियोजना सहायता	5.55
	बोकारो-रांची पाइपलाइन क्षेत्र में 02 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयूज) के प्रचालन के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सहायता	5.90
	जलवायु अनुकूल समुदायों के निर्माण के लिए सहायता - रांची में ग्रामीण महिलाओं को सौर इंजीनियरों और सौर विद्युतीकरण के रूप में प्रशिक्षण	8.45
	रांची में प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण में वंचित/बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए सहायता	12.42
	एस.एस. डोरंडा गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल (+2) स्तर, डोरंडा, रांची में शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर जागरूकता और पहल के लिए समर्थन	20.00
	रांची, झारखंड में आदिवासी महिलाओं को पोषण किट के वितरण के लिए सहायता	117.89
इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)	इंडियन ऑयल मधुर मुस्कान' - रांची में कटे होंठ/तालु विकृति के साथ पैदा हुए बच्चों की सुधारात्मक सर्जरी के लिए वित्तीय सहायता	57.40
	सेंट जोसेफ स्कूल, रांची में स्वच्छ पेयजल सुविधा की व्यवस्था, शौचालय ब्लॉकों का निर्माण और शेड प्रावधान के साथ रसोई क्षेत्र का नवीनीकरण	43.91
	इंडियन ऑयल मधुर मुस्कान- रांची में कटे होंठ/तालु विकृति के साथ पैदा हुए बच्चों की सुधारात्मक सर्जरी के लिए वित्तीय सहायता	48.80
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड(एचपीसीएल)	कोविड महामारी से लड़ने के लिए सहायता	35.00
ऑयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन लिमिटेड(ओएनजीसी)	रामकृष्ण मिशन टीबी सेनेटोरियम, तुपुदाना, रांची में मरीजों के लिए सौर जल पंप के साथ सौर ऊर्जा आधारित शौचालय ब्लॉक का निर्माण	10.36

स्रोत: गेल, आईओसीएल, एचपीसीएल, ओएनजीसी

***